दिल्ली

दिल्ली का पुराना नाम इन्द्रप्रस्थ है | एक नाम तुगलकाबाद भी है | यह नगर बहुत समय से भारत की राजधानी है | दिल्ली अनेक बार उजड़ी और बसी है |

दिल्ली में पांडवों ने राज्य किया | पृथ्वीराज यहीं के शासक थे | पठानों और सुलतानों ने भी यहाँ किले, कुतुबमीनार आदि बनवाए | मुगलों के समय में दिल्ली ने बहुत उन्नति की | बादशाह शाहजहाँ ने यहाँ लालकिला, जामा मस्जिद आदि बनवाए | अंग्रेजों ने नई दिल्ली बसाई, संसद भवन और सचिवालय बनवाए | दिल्ली में अनेक स्थान दर्शनीय हैं | इनमें से मुख्य हैं- पुराना किला, कुतुबमीनार, लालकिला, जामा मस्जिद, लक्ष्मीनारायण मन्दिर (बिरला मन्दिर), ओखला, इंडिया गेट, चिड़ियाघर, संसद भवन, केन्द्रीय सचिवालय, राष्ट्रपति भवन आदि |

दिल्ली में बहुत से बाग भी देखने योग्य हैं, जैसे-लोदी बाग, तालकटोरा बाग, कुदसियाबाग, बुद्धा जयन्ती पार्क, रोशनारा बाग आदि |

दिल्ली के मुख्य बाज़ार ये हैं- कनाट प्लेस, चाँदनी चौक, करोल बाग, सब्जीमंडी, सदर बाज़ार, राजेंद्र प्लेस, नेहरू प्लेस आदि |

सुन १९४७ के बाद दिल्ली बढ़नी शुरू हुई | इसके चरों तरफ कोई नई आबादियाँ बनी हैं, जैसे- लाजपतनगर, राजौरी गार्डन, तिलकनगर, पंजाबीबाग, जनकपुरी, रोहिणी, प्रीतमपूरा, आर.के.पुरम, चाणक्यपुरी ग्रेटर कैलाश आदि |

दिल्ली रेलों, सड़कों, व्यापार तथा शिक्षा का भी बड़ा केंद्र है | इसीलिए कहा जाता है कि जिसने दिल्ली नहीं देखी उसने कुछ नहीं देखा |

1- Metindeki cümlelerin yapısı incelenerek, çevirisi yapılacaktır.